ओलावृष्टि से मची तबाही, किसानों की उम्मीदों पर फिरा पानी

सरई-देवसर व चितरंगी तहसील के कई गांवों में फसलों को भारी नुकसान, आम के बौर पर भी संकट, प्रशासन से राहत की मांग तेज

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 23 फरवरी । जिले में आज दिन सोमवार की दोपहर अचानक मौसम ने करवट ले ली। तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। सरई और देवसर तहसील क्षेत्र के कई गांवों में ओले गिरने से चना, मसूर, सरसों, अरहर सहित गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं आम के बौर पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है, जिससे आगामी फल उत्पादन पर संकट मंडराने लगा है। इस प्राकृतिक आपदा के बाद किसानों की धड़कनें तेज हो गई हैं और वे प्रशासन से मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार आज दिन सोमवार को दोपहर करीब दो से तीन बजे के बीच अचानक तेज आंधी चली और इसके साथ ही बारिश शुरू हो गई। कुछ ही देर में ओले गिरने लगे, जिन्हें ग्रामीण पत्थर की तरह भारी बता रहे हैं। ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी फसलें बिछ गईं।

सरसों और चना की फलियां झड़ गईं, जबकि मसूर और अरहर की फसल को भी गंभीर क्षति पहुंची है। कई स्थानों पर गेहूं की बालियां टूट गईं। सरई और देवसर तहसील के पूरवा, खड़ौरा, गिधेर, कारी, मजौना तथा दक्षिणी बेल्ट के जुगनी, कोल्हुआ, सजहर, तीनगुड़ी, ठुकराल, पुरैल और बहेरा सहित अनेक गांवों में ओलावृष्टि का सीधा असर देखने को मिला है। इन गांवों में खेतों में पानी भर गया है और कई जगह फसलें जमीन पर गिर गई हैं। किसानों का कहना है कि मेहनत और लागत दोनों पर पानी फिर गया।

प्रभावित गांव का सर्वे कराये जाने की उठी मांग

इस बीच सामाजिक कार्यकर्ता बृजेश कुमार चतुर्वेदी ने जिला प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित गांवों का तत्काल सर्वे कराया जाए और किसानों को हुई क्षति का आंकलन कर राहत राशि प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि मौसम की मार से पहले ही किसान महंगाई और लागत से परेशान हैं, ऐसे में फसल नुकसान की भरपाई जरूरी है। किसानों का कहना है कि प्राकृतिक आपदा से बचाव उनके हाथ में नहीं है, लेकिन सरकार की जिम्मेदारी है कि संकट की घड़ी में उन्हें सहारा दे। ग्रामीण क्षेत्रों में यह चर्चा जोरों पर है कि यदि शीघ्र मुआवजा नहीं मिला तो किसान कर्ज के बोझ तले दब जाएंगे।

चितरंगी में आंधी और बारिश का दिखा असर

इधर चितरंगी तहसील क्षेत्र में भी तेज आंधी और बारिश का असर देखने को मिला। हालांकि यहां ओलावृष्टि कम हुई, लेकिन हवा की रफ्तार तेज होने से आम के बौर झड़ गए और कुछ फसलों को नुकसान पहुंचा है। किसान रावेंद्र द्विवेदी ने बताया कि आम के बागों में इस समय बौर आने का समय होता है, लेकिन तेज हवा और बारिश से बड़ी संख्या में बौर गिर गए हैं। इससे आने वाले समय में आम की पैदावार प्रभावित हो सकती है। किसान रामकमल पांडेय ने बताया कि चना और सरसों की फसल लगभग तैयार अवस्था में थी। ओलावृष्टि के कारण फलियां टूट गईं और खेतों में बिछ गईं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सर्वे नहीं कराया गया, तो किसानों को बड़ा आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा।

इनका कहना :-

आज दिन सोमवार की शाम तेज हवाओं के साथ बारिश हुई है। किसानों को कितना नुकसान हुआ है, इसकी जानकारी अभी नही मिली है। पटवारियों से जानकारी लेकर ही कुछ बता पाएंगे।

धर्म प्रकाश मिश्रा
तहसीलदार, सरई

भोपाल से धनबाद और चोपन रेल को सीएम आज दिखाएंगे हरी झंडी

ब्यौहारी, मड़वास, सरई व बरगवां स्टेशन से गुजरेगी ट्रेन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 23 फरवरी । बहुप्रतीक्षित भोपाल धनबाद एवं भोपाल चोपन ट्रेनों का कल 24 फरवरी दिन मंगलवार को शुभारंभ होने जा रहा है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव तथा म.प्र. के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस ट्रेन को भोपाल रेलवे स्थानक पर हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

लोकसभा सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष कांत देव सिंह, मंत्री राधा सिंह, विधायक गण रामनिवास शाह, राजेंद्र मेश्राम, कुंवर सिंह, विश्वामित्र पाठक समस्त जन इस ट्रेन के शुभारंभ पर मौजूद रहेंगे तथा सांसद इसी ट्रेन से सवार होकर सिंगरौली तक आयेंगे। लोकसभा क्षेत्र के समस्त स्टेशनों जैसे व्यौहारी, मड़वास, सरई में भाजपा के कार्यकर्ताओं तथा आम जनों द्वारा सांसद का अभिवादन किया जायेगा तथा बरगवां में रेल के आगमन पर कार्यक्रम की तैयारी की गई हैं, जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के नेतृत्व में जिले भर से आये कार्यकर्ता, पदाधिकारी तथा आम नागरिक इस रेल का अभिवादन करेंगे। सांसद ने कहा कि सिंगरौली के लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग अब पूरी हो गई है तथा इस रेल के प्रारंभ हो जाने से सिंगरौली से भोपाल के लिए प्रतिनिधि रेल मिल गई है, जो अपने आप में बहुत ही बड़ी उपलब्धि है। सांसद इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री एवं रेलमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है तथा सम्पूर्ण लोकसभा की और से उनका धन्यवाद ज्ञापित किया है।

एक नजर में

वंचित हितग्राहियों का बनायें आयुष्मान कार्ड : जगदीश

सिंगरौली। संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत प्राप्त आवेदन का पूरी गंभीरता के साथ निराकरण किया जाये। साथ ही आयुष्मान भारत निरामयम योजना के तहत वंचित हितग्राहियों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाये की कार्रवही करें। उक्त आशय के निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान जिपं सीईओ एवं प्रभारी कलेक्टर जगदीश गोमे के द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिया गया। बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की विस्तृत समीक्षा करते हुयें प्रभारी कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विगत माह में डोर-टू-डोर कैम्पेन के माध्यम से प्राप्त आवेदनो का पूरी गंभीरता के साथ निराकरण करें। विभागीय अधिकारी अभियान के लगातार मॉनिटरिंग करें तथा यह सुनिश्चित करें पात्र हितग्राहियों को उनके पात्रता अनुसार योजनाओं के लाभ से लाभान्वित कराया जायें।

चना एवं मसूर फसल का 16 मार्च तक पंजीयन

सिंगरौली। म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार रबी वर्ष 2025-26 विपणन वर्ष 2026-27 में ई-उपार्जन पोर्टल पर 20 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक चना एवं मसूर के पंजीयन किये जायेंगे। उप संचालक कृशि ने बताया कि जिले में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा रबी विपणन 2026-27 में समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर फसल के लिए निर्धारित 33 उपार्जन केन्द्रो पंजीयन किये जायेंगे। उन्होंने किसान भाइयों से अनुरोध किया है कि चना एवं मसूर फसल के उपार्जन के लिये निर्धारित समयावधि 16 मार्च तक अपना पंजीयन करा लेवें।

महाविद्यालय के छात्रों ने अदाणी पावर प्लांट का किया शैक्षणिक भ्रमण

52 सदस्यीय शैक्षणिक दल ने उड़ान प्रोजेक्ट के तहत सीखी बारीकियां

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 23 फरवरी । स्थानीय शासकीय आदर्श महाविद्यालय रम्पा जिला सिंगरौली में बीए, बीएससी, बीकॉम में अध्ययनरत 48 विद्यार्थियों और 4 शिक्षकों का एक दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए अदाणी पावर प्लांट पहुंचे ।

भ्रमण के दौरान अलग-अलग विभागों के 3 प्रशिक्षकों के द्वारा विद्युत उत्पादन, वेस्ट प्रबंधन, पर्यावरण प्रबंधन और संरक्षण, फायर सेफ्टी से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारियां प्रदान की गई। सभी विद्यार्थी उत्सुकता पूर्वक उक्त विषयों में दिए गए प्रशिक्षण और बारीकियों के बारे में बड़े ही उत्साह पूर्वक सीखने और समझने का प्रयास किए । उक्त शैक्षणिक भ्रमण में प्रोजेक्ट उड़ान, एक शिक्षण-आधारित पहल है जो कॉलेज स्तर के संस्थानों को अदाणी समूह के कार्यस्थलों का दौरा करने और कंपनी के जटिल, रोजमर्रा के कार्यों को समझने का अवसर प्राप्त होता है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों को इस तरह के भ्रमण के आयोजन से उद्यमों में रुचि विकसित करने और उन्हें जीवन में बड़े सपने देखने के लिए प्रोत्साहित करता है। अदाणी फाउंडेशन का मानना है कि जब युवाओं को एक्सपोजर दिया जाता है, तो इससे उन्हें अपनी क्षमता को समझने और उसी दिशा में काम करने के लिए प्रेरित होने में मदद मिलती है। उक्त शैक्षणिक भ्रमण दल में शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में डॉ. गिरीश चतुर्वेदी, डॉ. मंगल नाथ तिवारी, डॉ. राजीव सिंह, डॉ. पुष्पा कुमारी ने सभी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किए ।

शुक्ला मोड़ बना धूल का धुआंधार अड्डा, सांस लेना हुआ दुश्वार

कोयले की उड़ती राख से घिरा मोरवा, सैकड़ों परिवार प्रदूषण की चपेट में, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और एनसीएल प्रबंधन पर सवालों की बौछार

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 23 फरवरी । मोरवा स्थित शुक्ला मोड़ इन दिनों धूल और कोयला डस्ट के घने गुबार में डूबा नजर आ रहा है। हालात इतने बदतर हैं कि राहगीरों को दिन में भी हेडलाइट जलाकर चलना पड़ रहा है। सड़क पर गुजरते भारी वाहनों से उड़ती कोयले की महीन राख आसपास के रहवासियों के लिए मुसीबत बन चुकी है। सैकड़ों परिवार रोजाना प्रदूषण की मार झेलने को मजबूर हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शुक्ला मोड़ से लगातार कोयला परिवहन होता है, लेकिन सड़क पर पानी का नियमित छिड़काव नहीं किया जाता। नतीजतन हर गुजरते ट्रक के साथ धूल का बड़ा गुबार उठता है, जो घरों, दुकानों और स्कूलों तक पहुंच रहा है। कई लोगों को सिरदर्द, आंखों में जलन और सांस लेने में दिक्कत की शिकायत हो रही है। बच्चों और बुजुर्गों की हालत सबसे ज्यादा खराब बताई जा रही है।

सवालों के घेरे में क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अमला

रहवासियों का आरोप है कि प्रदूषण नियंत्रण के दावे केवल कागजों तक सीमित हैं। जिम्मेदार विभाग और एनसीएल प्रबंधन इस गंभीर समस्या पर ठोस इंतजाम करने में विफल साबित हो रहे हैं। सड़क किनारे धूल की मोटी परत जमी है, जिससे बाइक सवार और पैदल चलने वाले लोग हर समय दुर्घटना के खतरे में रहते हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पानी का नियमित छिड़काव, सड़क की मरम्मत और ओवरलोड वाहनों पर सख्ती नहीं की गई तो स्थिति और भयावह हो सकती है। शुक्ला मोड़ का यह नजारा विकास के दावों पर सवाल खड़े कर रहा है। अब देखना होगा कि प्रशासन और एनसीएल प्रबंधन जागता है या मोरवा के लोग यूं ही प्रदूषण की मार झेलते रहेंगे।

विंध्याचल में ओएंडएम की उपलब्धियों पर गौरव उत्सव आयोजित

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 23 फरवरी। एनटीपीसी विंध्याचल ने आईपीएस ओएंडएम कॉन्फ्रेंस में प्राप्त अपनी शानदार उपलब्धियों का उत्सव डॉ. अंबेडकर स्टेडियम में बड़े ही और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना प्रमुख संजीब कुमार साहा के आगमन और स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ नेतृत्व टीम के सदस्यगण महाप्रबंधक एजे राजकुमार, एम सुरेश, एसके सिन्हा, डॉ. बीके भराली निदेशक के विशेष तकनीकी सलाहकार राकेश अरोड़ा सहित अन्य मौजूद रहे। इस अवसर पर ग्रैंड प्राइड वॉक कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा, जिसमें महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, यूनियन-एसोसिएशन प्रतिनिधि, मानव संसाधन, वेलफेयर संस्थाएं एवं लेडीज क्लब के सदस्यों ने भाग लेकर एकजुटता और साझा उपलब्धि का संदेश दिया। अपने संबोधन में संजीब कुमार साहा ने टीम विंध्याचल को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए परिचालन उत्कृष्टता, सुरक्षा, श्रेष्ठ एचआर प्रथाओं और टीमवर्क की भावना को सफलता का आधार बताया।

अपहृत नाबालिग बालिका को पुलिस ने किया दस्तयाब

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 23 फरवरी । थाना सरई पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत सराहनीय कार्य करते हुए अपहृत नाबालिग बालिका को मात्र 72 घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया। बालिका की सुरक्षित वापसी से परिवारजनों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई।

सरई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गजराबहरा निवासी फरियादी जगधारी रजक ने थाना सरई में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 19 फरवरी को उसकी 15 वर्षीय पुत्री (परिवर्तित नाम पूजा रजक) जो कक्षा 9वीं में अध्ययनरत है, सुबह स्कूल गई थी, लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा रिश्तेदारी और आसपास तलाश करने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। इस पर थाना सरई में धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लगातार प्रयास करते हुए अपहृत बालिका को ग्राम चुराडर, चौकी रामगढ़, थाना बैकुंठपुर जिला कोरिया छत्तीसगढ़ से सकुशल बरामद किया और परिजनों को सुपुर्द किया।

क्रिकेट लीग 3.0 में पॉट रूम की टीम लक्ष्य हासिल कर बनी विजेता

हिंडालको महान में महान क्रिकेट लीग 3.0 का उत्साहपूर्ण समापन, इकाई प्रमुख रहे शामिल

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 23 फरवरी। हिंडालको महान इकाई में 18 फरवरी से शुरू हुई महान क्रिकेट लीग 3.0 का सफल समापन उत्साह और उमंग के साथ हुआ। कार्य के साथ-साथ खेल की भावना को बढ़ावा देने की पहल के तहत आयोजित इस लीग में महान के पाँच विभाग- सीपीपी कार्बन, पॉट रूम, कॉस्ट हाउस और कॉमन सर्विस की टीमों ने भाग लिया।

विभिन्न विभागों के महान कर्मियों ने टीम बनाकर पूरे उत्साह के साथ मुकाबले खेले। फाइनल मैच में पॉट रूम और कार्बन की टीम आमने-सामने थीं। जहां टॉस जीतकर पॉट रूम ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। कार्बन ने 10 ओवर में 8 विकेट खोकर 68 रन बनाए। जवाब में पॉट रूम की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6.3 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया और विजेता बनी। टूर्नामेंट में बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए लाल कुमार को सम्मानित किया गया। समापन समारोह में इकाई प्रमुख एस सेंथिल नाथ, मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा, वित्त प्रमुख रोहित मतेती, जनसंपर्क प्रमुख संजय सिंह तथा कार्बन हेड सूर्यकांत सहित शीर्ष प्रबंधन के सदस्यों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। इकाई प्रमुख एस सेंथिल नाथ ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन संस्थान में ऊर्जा और एकजुटता को बढ़ाते हैं।

धनौजा गौशाला में सैकड़ों मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

नवभारत न्यूज

सरई 23 फरवरी । नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत मॉ धनौजा गौशाला, घोघरा में बीते दिन रविवार को समाजसेवी प्रेम सिंह भाटी के नेतृत्व में नि:शुल्क मेडिकल चेकअप कैंप का सफल आयोजन किया गया।

प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस जनकल्याणकारी शिविर में सरई एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में बुजुर्ग, महिलाएं तथा गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीज पहुंचे और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। कैंप में महिलाओं से संबंधित रोगोंजैसे बच्चेदानी की समस्याएं, गांठ अन्य तथा पुरुषों में हाइड्रोसील, हर्निया, हड्डी एवं अन्य शल्य चिकित्सा से जुड़ी बीमारियों की जांच की गई। जांच उपरांत चिन्हित मरीजों को आगे के उपचार के लिए चयनित किया गया। समाजसेवी प्रेम सिंह भाटी ने गंभीर मरीजों को नि:शुल्क वाहन सुविधा उपलब्ध कराकर नेहरू शताब्दी अस्पताल, जयंत भेजने की व्यवस्था करने की घोषणा की, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को विशेष राहत मिलेगी। शिविर में 17 सदस्यीय चिकित्सकीय टीम ने सेवाएं प्रदान की।

एनसीएल में उत्साहपूर्वक मना अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 23 फरवरी । भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी एनसीएल के मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान सीईटीआई में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला एवं राजभाषा कार्यान्वयन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक मनोज कुमार सिंह महाप्रबंधक, राजन मेक महाप्रबंधक, समीर बरला वरीय प्रबंधक, हुकुम सिंह, नरकास कार्यालय, सिंगरौली से प्रतिनिधि एवं सदस्य, एनसीएल की परियोजनाओं सहित मुख्यालय के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यशाला में एनटीपीसी के राजभाषा अधिकारी कल्याण सिंह, मनोज कुमार सिंह महाप्रबंधक एनसीएल एवं हुकुम सिंह ने राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न प्रावधानों, व्यावहारिक पहलुओं तथा कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा के प्रभावी उपयोग पर अपने विचार साझा किए। प्रतियोगिता में 65 से अधिक प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता रही।

बेटे की जमानत न मिलने पर हाई टेंशन टावर पर चढ़ी मां, 8 घंटे बाद उतरी

सरई थाना क्षेत्र के कोनी गांव की घटना, मौके पर तहसीलदार टीआई और पार्षद रहे मौजूद

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 23 फरवरी। बेटे की जमानत न मिलने से व्यथित एक मां आज दिन सोमवार को सरई थाना क्षेत्र के कोनी गांव के पास हाईटेंशन टावर पर चढ़ गई और करीब 8 घंटे तक वहीं बैठी रही। दोपहर से शाम तक चले समझाइश और आश्वासनों के बाद महिला सुरक्षित नीचे उतरी। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।

जानकारी के अनुसार इटमा निवासी 50 वर्षीय बबली साकेत का बेटा हत्या के एक मामले में पिछले तीन महीनों से जिला जेल पचौर में बंद है। परिजनों का कहना है कि जमानत नहीं मिलने से आहत होकर महिला सुबह करीब 9 बजे टावर पर चढ़ गई और न्याय की मांग करते हुए नीचे उतरने से इनकार कर दिया। हाईटेंशन लाइन पर बैठी महिला को देख प्रशासन ने तत्काल सतर्कता बरती। सूचना मिलते ही पुलिस, राजस्व और नगर परिषद के अधिकारी मौके पर पहुंचे सरई तहसीलदार धर्म प्रकाश मिश्रा, थाना



प्रभारी जितेन्द्र भदौरिया तथा स्थानीय पार्षद प्रेम सिंह भाटी ने महिला से लगातार बातचीत की। समझाइश के दौरान उसे भरोसा दिलाया गया कि 26 तारीख को होने वाली कोर्ट पेशी में विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी और परिजन के साथ अधिकारी भी सहयोग करेंगे। महिला के पास मोबाइल न होने से संवाद में कठिनाई आ रही थी। इसके लिए एक निजी कंपनी की हाइड्रोलिक मशीन मंगाकर ऊंचाई तक मोबाइल पहुंचाया गया, ताकि परिजन और जनप्रतिनिधि सीधे बात कर सकें। बातचीत के बाद महिला आश्वस्त हुई और शाम करीब 5 बजे के बाद स्वयं सावधानीपूर्वक नीचे उतर आई। प्रशासन ने मौके पर एंबुलेंस और विद्युत विभाग की टीम भी तैनात रखी थी, ताकि किसी अप्रिय स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। पुलिस ने बताया कि महिला की काउंसलिंग कर परिजनों के सुपुर्द किया गया है और कानून-व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। वहीं स्थानीय लोगों ने घटना को प्रशासन के लिए चेतावनी बताते हुए कहा कि संवेदनशील मामलों में समय पर संवाद और सहायता जरूरी है, ताकि कोई भी व्यक्ति इस तरह जान जोखिम में डालने को मजबूर न हो।